Code No. 1003

**Second Year – March 2016**

Time : 2½ Hours
Cool-off time : 15 Minutes

Part – II

## HINDI

Maximum : 80 Scores

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'cool-off time' of 15 minutes in addition to the writing time of 2 ½ hrs.
- You are not allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the 'cool-off time'.
- Read questions carefully before answering.
- All questions are compulsory and only internal choice is allowed.
- When you select a question, all the sub-questions must be answered from the same question itself.
- Electronic devices except non-programmable calculators are not allowed in the Examination Hall.

**सूचना** : निम्नलिखित कवितांश पढ़ें और **1** से **4** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :

पाकर तुझसे सभी सुखों को हमने भोगा ।
तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा ?
तेरी ही यह देह, तुझी से बनी हुई है ।
बस तेरे ही सुरस-सार से सनी हुई है ।।

1. यह किस कविता का अंश है ? **(Score : 1)**

(मातृभूमि, सपने का भी हक नहीं, कुमुद फूल बेचने वाली लड़की, आदमी का चेहरा)

2. कवि की राय में भारतवासियों की देह किससे बनी हुई है ? **(Score : 1)**

3. तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा ? ऐसा क्यों कहा गया है ? **(Scores : 2)**

4. कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी लिखें । **(Scores : 7)**

**सूचना** : 'मुरकी उर्फ़ बुलाकी' कहानी का अंश पढ़ें और **5** से **9** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

"हाँ, कुमार ! इसलिए मैंने तुझसे प्रण लिया था । उसके मर्द ने जब उसके घर की चाबी उसके पल्ले से खोल ली थी, मैंने इस कोठरी की चाबी उसको पकड़ाते हुए कहा था कि मेरे जीते-जी कभी कोई तुझसे यह चाबी नहीं छीनेगा । और कुमार ! आज जब मैंने उसकी मरी को नहलाया, इस कोठरी की चाबी उसके नेफ़े में खोंसी हुई थी । उसके माँस से चिपक गई थी । इस चाबी ने उसकी देह पर जख्म कर दिया था । पर उसने जीते-जी इस चाबी को अपने माँस से नहीं उतारा । मुरकी ...... बुलाकी एक औरत....."

5. 'मुरकी उर्फ़ बुलाकी' किसकी रचना है ? **(Score : 1)**
(एकांत श्रीवास्तव, हिमांशु जोशी, अमृता प्रीतम, राज बुद्धिराजा)

6. मुरकी की मृत्यु के बाद कोठरी की चाबी कहाँ से मिली ? कब ? **(Scores : 2)**

7. कुमार की माँ ने कोठरी की चाबी मुरकी को क्यों दी ? **(Scores : 3)**

8. उपर्युक्त खंड का संक्षेपण करें । **(Scores : 7)**

9. संक्षेपण के लिए उचित शीर्षक दें । **(Score : 1)**

10. **सूचना** : स्तंभ से सही हिन्दी शब्द चुनकर मिलान करें । **(Scores : 1 × 8 = 8)**

| | |
|---|---|
| Accountancy | रक्तचाप |
| Atmosphere | वाणिज्य |
| Blood pressure | सर्वाधिकार |
| Commerce | वायुमंडल |
| Ecology | टीकाकरण |
| Copyright | पारिस्थितिकी |
| Vaccination | विषाणु |
| Virus | लेखाशास्त्र |

**सूचना** : 'वह भटका हुआ पीर' संस्मरण का अंश पढ़ें ।

वह पूजा के लिए कहीं भी न बैठकर लोगों के दिल में जगह बनाता है । दिल के रिश्ते जोड़ता है ।

11. संकेतों के आधार पर लेखिका और अपनी बहन के बीच का वार्तालाप तैयार करें । **(Scores : 7)**
    - लेखिका का स्कूटर वाले से परिचय ।
    - स्कूटर वाले के सेवा मनोभाव से प्रभावी ।
    - लेखिका की श्रद्धा-भावना ।

**सूचना** : 'ज़मीन एक स्लेट का नाम है' आत्मकथा का यह वाक्य पढ़ें ।

बेटी के विदा होने में अभी दो-चार दिन वक्त था । मगर ज़मीन की विदाई आज ही हो रही थी ।

12. उपर्युक्त वाक्य के आधार पर पिताजी के चरित्र पर टिप्पणी लिखें । **(Scores : 4)**

**सूचना** : निम्नलिखित हाइकू पढ़ें :

मान न मान
मैं तेरा मेहमान
बने बुढ़ापा

13. हाइकू का भावार्थ लिखें । **(Scores : 5)**

14. बादशाह के बेटे ने खत तीन दफ़ा पढ़कर सुनाया । बेटे की उस दिन की डायरी लिखें । **(Scores : 7)**
    - पिताजी का दर्द
    - बहन की हालत
    - बेटे का मानसिक संघर्ष

**सूचना** : **15** से **19** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखें । **(Scores : 3 × 8 = 24)**

15. "मगर नींद के खुलने के पूर्व ही नोटिस बैंक की आ धमकी सपने में ।" – इस सपने के बारे में युवती अपनी सहेली को एक पत्र लिखती है । वह पत्र तैयार करें ।
    - झोंपड़ी में रहकर महल का सपना देखने वाली मज़दूरिन ।
    - सामाजिक सच्चाई का कठोर यथार्थ ।
    - सपना देखना भी डरावना बन जाना ।

16. "पैकेट खाना स्वास्थ्य के लिए चुनौती" – विषय पर संगोष्ठी में प्रस्तुत करने के लिए एक आलेख तैयार करें ।

- 'पैकेट खाना' में रसायनों का प्रयोग
- गंदा वातावरण
- अनेक प्रकार की बीमारियों का खतरा
- खाद्य निरीक्षकों की सिफारिशों का पालन
- घर में पकाकर खाना

17. 'दवा' कहानी के आधार पर 'अनंग' जी की पत्नी का आत्मकथांश तैयार करें ।

- कवि अनंग जी का अंतिम क्षण
- पत्नी का दुख
- मित्र का वचन
- अनंग जी का कविता-पाठ
- मित्र का मर जाना ।

18. निम्नलिखित अंग्रेज़ी खंड का हिन्दी में अनुवाद करें :

Travelling is a part of education. By reading books we get only theoretical knowledge, but practical knowledge is obtained only by travelling. We get knowledge of different people with different manners. We can see their mode of living. We can hear their different languages. Travelling develops our outlook.

(Travelling – देशाटन, part – भाग, theoretical – सैद्धान्तिक, practical knowledge – व्यावहारिक ज्ञान, manners – रीति-रिवाज़, mode of living – जीने का ढंग, outlook – दृष्टिकोण, obtain – प्राप्त होना)

19. पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए विद्यालय कूड़ा-कचरा जलाने वाली मशीन की स्थापना कर रहा है । इसके सही प्रयोग से संबन्धित एक विज्ञापन तैयार करें ।

- प्रकृति के अनुकूल
- वायु प्रदूषण एवं मिट्टी प्रदूषण से दूर
- सतर्कता बरतने का संदेश